समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Monday, 21 September 2026

# मानसून की तबाही : उत्तराखंड, हिमाचल, यूपी मे कंहर, कई राज्यों मे भारी बारिश का अलर्ट।

Publisher

Published on 30 Jun 2025



## IMD ने कई राज्यों मे 5 जुलाई तक भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है, उत्तर भारत के पहाड़ी इलाकों मे हांलात गंभीर, जाने कंहां-कहां है हाई अलर्ट।

**नई दिल्ली :** देशभर में **सक्रिय मानसून** ने एक तरफ लोगों को गर्मी से राहत दी है, तो दूसरी ओर उत्तर भारत और पूर्वोत्तर राज्यों में भारी तबाही मचाई है। **भारतीय मौसम विभाग (IMD)** ने जानकारी दी है कि **मानसून पूरे देश** में सक्रिय हो चुका है और इसके चलते **हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, झारखंड** और **पूर्वोत्तर राज्यों** में भारी से बहुत भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है।

**हिमाचल और उत्तराखंड मे हांलात गंभीर**

१. **हिमाचल प्रदेश मे लंगातार बारिश से भूस्खलन, मकानों को नुकसान और सड़कों पर मलबा आ गया है।**

२. **अब तक 39 लोगों की मौत और कई घायल हुए है।**

३. **4 जिलों मे स्कूल बंद कर दिए गए है और लोगों को घरों मे रंहने की अपील की गई है।**

४. **उत्तराखंड के बड़कोट मे बादल फटने की घटना मे 2 मजदूरों के शव बरामद हुए है, जबकि 7 अभी भी लापता है।**

**झारखंड, बिहार, एमपी, ओडिशा मे भी भारी बारिश का अलर्ट**

१. **30 जून से 5 जुलाई तक झारखंड, ओडिशा, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश मे भारी बारिश की संभावना।**

२. **बिहार और एमपी मे 4-5 जुलाई को विशेष सतर्कता बरतने की अपील।**

३. **विदर्भ और मराठवाड़ा मे भी 30 जून तक भारी बारिश के आसार**।

**राजस्थान मे 27 जिलों मे अलर्ट**

१. **रविवार को 24 जिलों मे तेज बारिश हुई**।
२. **5 लोगों की मौत बिजली गिरने और पानी मे डूबने से हुई**।
३. **आज यानी 30 जून को 27 जिलों मे रेड अलर्ट**।

पूर्वोत्तर भारत में भारी बारिश की चेतावनी

**अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, नागालैंड, मिजोरम, मणिपुर और त्रिपुरा मे 2 से 5 जुलाई तक भारी बारिश का अनुमान**।
कई इलाकों में भूस्खलन और बाढ़ जैसी स्थिति बन सकती है।

**आईएमडी की अपील**

**मौसम विभाग** ने सभी प्रभावित **राज्यों के नागरिकों को सतर्क** रहने की सलाह दी है।
**जलभराव, ट्रैफिक अवरोध,** और **बिजली गिरने** जैसी घटनाओं से बचाव के लिए **स्थानीय प्रशासन** के निर्देशों का पालन करने को कहा गया है।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.